स्थिति इतनी बिगड़ चुकी है कि पाकिस्तान ने संयुक्त आवामी एक्शन कमेटी को प्रतिबंधित कर दिया है। इसके नेताओं के सिर पर इनाम घोषित किए गए हैं। पत्रकारों को गिरफ्तार किया जा रहा है, मीडिया पर सेंसरशिप थोप दी गई है और इंटरनेट बंद कर सच्चाई छिपाने की कोशिश की जा रही है। लेकिन दमन जितना बढ़ रहा है, जनआक्रोश उतना ही उग्र हो रहा है। ब्रिटेन और अमेरिका में बसे कश्मीरी प्रवासियों ने भी पाकिस्तान के खिलाफ प्रदर्शन शुरू कर दिए हैं। यह वही प्रवासी समुदाय है जिसे पाकिस्तान वर्षों तक भारत विरोधी प्रचार के लिए इस्तेमाल करता रहा। मगर अब वही लोग इस्लामाबाद के दमन के खिलाफ दुनिया को सच बता रहे हैं। पाकिस्तानी सेना ने पीओके के लोगों के साथ जो बर्बरता की है उसके खिलाफ गुस्सा इतना ज्यादा है कि लोग नारे लगा रहे हैं कि पाकिस्तानी सेना को कुत्ता कहना कुत्ते की तौहीन है। चाहा।

रणनीतिक दृष्टि से देखें तो यह पाकिस्तान के लिए बेहद खतरनाक स्थिति है। यह संकट उसे सीधे 1971 की याद दिला रहा है, जब दमन और सैन्य बल के सहारे पूर्वी पाकिस्तान को दबाने की कोशिश ने अंततः बांग्लादेश के निर्माण का रास्ता खोला था। आज पीओके में भी वही हालात दिखाई दे रहे हैं। जनता का भरोसा टूट चुका है और पाकिस्तान केवल बंदूक के दम पर कब्जा बनाए रखना चाहता है। लेकिन इतिहास गवाह है कि भय के सहारे किसी क्षेत्र को लंबे समय तक नियंत्रित नहीं रखा जा सकता।

उधर, भारत के लिए यह स्थिति सामरिक और कूटनीतिक दोनों दृष्टियों से अत्यंत महत्वपूर्ण है। जमीनी हकीकत यह है कि वैसे तो पूरा जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा है लेकिन पीओके में पाकिस्तान का कब्जा अवैध है। अब जब वहां की जनता खुद पाकिस्तान के खिलाफ उठ खड़ी हुई है और भारत के साथ मिलने की बातें मुखर होने लगी हैं तो सवाल उठता है कि भारत को क्या पीओके में सीधे हस्तक्षेप करना चाहिए? इस सवाल पर अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ बंटे हुए नजर आ रहे हैं। कई विश्लेषकों का कहना है कि सीधे हस्तक्षेप की बजाय भारत को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान के मानवाधिकार उल्लंघनों को और आक्रामक तरीके से उठाना चाहिए। उनका कहना है कि भारत को संयुक्त राष्ट्र, यूरोपीय देशों और वैश्विक मानवाधिकार संगठनों के सामने यह प्रश्न मजबूती से रखना होगा कि आखिर पाकिस्तान किस नैतिक आधार पर कश्मीर की बात करता है, जब उसके कब्जे वाले क्षेत्र में जनता को जीने तक का अधिकार नहीं है।

कुछ विश्लेषकों का यह भी कहना है कि यदि भारत ने पीओके में सीधे हस्तक्षेप किया तो यह सीधे सैन्य दखल के रूप में देखा जाएगा और यह दो परमाणु शक्तियों के बीच संघर्ष का खतरा बढ़ा सकता है। वैसे भी पाकिस्तान लंबे समय से आतंकवाद और उकसावे की नीति अपनाता रहा है इसलिए वह किसी भी प्रत्यक्ष कार्रवाई को युद्ध का बहाना बना सकता है। इसलिए भारत को अत्यंत संतुलित लेकिन दृढ़ रणनीति अपनानी होगी।

विश्लेषकों का कहना है कि भारत के पास कई विकल्प हैं। जैसे पीओके की जनता के साथ मानवीय और सामाजिक संपर्क बढ़ाना, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान को घेरना, सीमा पर सुरक्षा और सतर्कता बढ़ाना क्योंकि पाकिस्तान ध्यान भटकाने के लिए आतंकवादी घुसपैठ बढ़ा सकता है। साथ ही पीओके के लोगों के लिए राजनीतिक संदेश देना होगा कि भारत उन्हें अपना नागरिक मानता है और उनके अधिकारों के साथ खड़ा है। विश्लेषकों का कहना है कि जम्मू-कश्मीर विधानसभा में पीओके के लिए आरक्षित 24 सीटों को सक्रिय राजनीतिक प्रक्रिया से जोड़ने पर भी गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए।

बहरहाल, फिलहाल भारत के लिए सबसे प्रभावी रास्ता यही है कि वह धैर्य, कूटनीति और रणनीतिक दबाव का संयोजन अपनाए। पीओके में जो आग भड़की है, वह केवल आर्थिक संकट का परिणाम नहीं, बल्कि दशकों के दमन, शोषण और राजनीतिक अपमान का विस्फोट है। पाकिस्तान की सबसे बड़ी समस्या यह है कि अब उसका झूठ उसके अपने कब्जे वाले क्षेत्र में ही टूट रहा है। जिस जमीन को वह कश्मीर की आजादी का प्रतीक बताता था, वहीं की जनता आज उसके खिलाफ आजादी की आवाज बुलंद कर रही है। हालात साफ संकेत दे रहे हैं कि आने वाले समय में पीओके का भारत के साथ स्वाभाविक जुड़ाव और तेज हो सकता है। स्थानीय जनता जिस तरह पाकिस्तान के खिलाफ आरपार की लड़ाई के मूड में दिखाई दे रही है, उससे स्पष्ट है कि इस्लामाबाद के लिए अब केवल बंदूक और दमन के सहारे वहां अपनी पकड़ बनाए रखना आसान नहीं रहेगा। स्थानीय जनता के भीतर पाकिस्तान विरोधी भावना लगातार गहरी हो रही है। यदि पाकिस्तान ने अपनी दमनकारी नीतियां नहीं बदलीं, तो वह दिन दूर नहीं जब पीओके की जनता खुद पाकिस्तान के कब्जे को खुली चुनौती देते हुए भारत के साथ खड़े होने का रास्ता चुन सकती है।

संपादकीय

निरंकुशता के निशाने

खाड़ी में ईरान की नाकेबंदी की कवायद के दौरान अमेरिकी हमलों में तीन भारतीय नाविकों का मारा जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। जिसको लेकर देश में गम व गुस्सा व्याप्त है। यूं तो कहा जाता रहा है कि भारत अमेरिका का रणनीतिक साझेदार है और क्वॉड जैसे संगठनों में भूमिका निभा रहा है, तो फिर लगातार भारत के हितों पर कुठाराघात क्यों किया जा रहा है? भले ही अमेरिका ईरान की तेल निर्यात से होने वाली आय रोकने व युद्ध समाप्त करने हेतु समझौते के लिये दबाव बनाने हेतु ये आक्रामक नीति अपना रहा हो। लेकिन जिन देशों का युद्ध से कोई लेना-देना नहीं है, उनके नागरिकों को क्यों निशाना बनाया जा रहा है? हाल में भारतीय चालक दल वाले तीन टैंकरों को अमेरिकी सेना द्वारा निशाना बनाया गया है। इसमें से, ओमान की खाड़ी में एक जहाज पर हुए हमले में भारतीय चालक दल के तीन सदस्य मारे गये हैं। जिससे भारत व अमेरिका के बीच कूटनीतिक तनाव बढ़ने की आशंका बढ़ गई है। वैसे औपचारिक विरोध दर्ज करते हुए भारत ने दिल्ली में एक अमेरिकी राजनयिक को तलब भी किया है। इसके बावजूद भारत के खिलाफ लगातार नकारात्मक रवैया दर्शाने वाले अमेरिका के खिलाफ सख्त स्टैंड लेने की मांग की जा रही है। इसके बावजूद कि भारत क्वॉड में अमेरिका का साझेदार है। विडंबना यह भी है कि जो सूत्रधार संगठन के जरिये समुद्री आवाजाही को स्वतंत्र बनाने की बात करता है, वही अमेरिका इसमें बाधक बना है। भले ही अमेरिका इन जहाजों के प्रतिबंधित होने की बात कहे, या जहाज भारतीय न हों, लेकिन उनमें चालक दल के सदस्य तो भारतीय थे। इसकी जानकारी स्वाभाविक रूप से अमेरिका के खुफिया तंत्र को जरूर रही होगी। अमेरिका को सार्वजनिक रूप से भारतीय नाविकों के मारे जाने पर खेद जताना चाहिए। निश्चय ही भारत के निकट के समुद्री क्षेत्र में अमेरिका का निरंकुश व्यवहार निंदनीय है। कूटनीतिज्ञ विशेषज्ञ कह रहे हैं कि भारत को इस मुद्दे को सख्ती से अमेरिका के सामने उठाना चाहिए था।

चिंतन-मनन

धर्म का मूल केंद्र है वर्तमान

धर्म जगत ने धर्म को केवल परलोक के साथ जोड़कर भारी भूल की है। इसका परिणाम यह हुआ कि धर्म का असली प्रयोजन तिरोहित हो गया। वह स्वर्ग-सुखों के प्रलोभन और नरक-दुख के भय से जुड़ गया। हर धर्म-प्रवर्तक ने धर्म को जीवन से जोड़ा, किंतु धर्म-परंपराओं ने उसे स्वर्ग और नरक से जोड़ दिया। धर्म का मूल केंद्र वर्तमान है न कि भूत और भविष्य। हम वर्तमान क्षण को कैसे जियें, धर्म का सारा दर्शन इसी पर टिका हुआ है। वर्तमान विषम है तो भविष्य भी विषम होगा। यदि वर्तमान सम और सुखमय है तो भविष्य भी सम और सुखमय ही होगा। यानी भविष्य वैसा ही होगा जैसा वर्तमान है। इसीलिए धर्म का असली प्रयोजन वर्तमान को सजाने-संवारने का है।

इस केंद्रीय विचार से भटक जाने के कारण धर्म भूत और भविष्य में उलझ गया। वर्तमान को उसने बिल्कुल ही भुला दिया। इसलिए लोगों ने वर्तमान को केवल अतीत का परिणाम मान लिया। इससे भाग्यवाद की विचारधारा का जन्म हुआ। भाग्य को बदला नहीं जा सकता, इसलिए वे वर्तमान से विमुख हो गए और भविष्य की चिंता में पड़ गए। जिसके पास कोठी, महंगी कार और विदेशों में छुट्टी मनाने के साधन हैं, वे अतीत के परिणाम हैं। जो वैभव-संपन्न नहीं हैं, वे जप-तप में इसलिए लगे हैं ताकि भविष्य में भी साधन-संपन्न बन सकें। ऐसे में धर्म का पूरा उद्देश्य ही बदल गया। जो आत्म-केंद्रित था, वह वस्तु-केंद्रित हो गया। जो वस्तु-विमुख था, वह वस्तु-सम्मुख बन गया। इसी विचार के फलस्वरूप धर्म के नाम पर व्यापार और सौदेबाजी चलने लगी। जहां भी प्रलोभन और भय है वहां धर्म नहीं है। धर्म है आत्म उज्ज्वलता का साधन। धर्म है सोई हुई शक्तियों के पुनर्जागरण का उपादान। वह है आत्म-स्वभाव में रमण। धर्म ही है आत्म शांति और विश्व शांति का एकमात्र साधन। वर्तमान जीवन को आनंदपूर्ण बनाने का गुर। भगवान महावीर ने कहा है- आत्मा ही नरक है, आत्मा में ही स्वर्ग है, आत्मा में ही बंधन है, आत्मा में ही मोक्ष है। जिसके भीतर नरक नहीं, उसके लिए बाहर कहीं भी नरक नहीं। जिसके भीतर स्वर्ग नहीं, उसके लिए बाहर कहीं भी स्वर्ग नहीं। महावीर ने भीतर पर जोर दिया जबकि हम बाहर पर जोर दे रहे हैं। बाहर के स्वर्ग और नरक की चिंता में उलझे हैं। इसी चिंतन का दुष्परिणाम यह हुआ कि बाहर से जप-तप, पूजा-पाठ चल रहे हैं, लेकिन दूसरी तरफ छल-कपट, झूठ, शोषण, राग-द्वेष, नफरत भी चल रहे हैं। यानी धर्म करते हुए भी जीवन में कोई परिवर्तन नहीं है, कोई क्रांति नहीं है। इसी वजह से जीवन की शांति गायब हो गई। शांति वर्तमान में ही घटित हो सकती है। इसलिए हम अपने को वर्तमान से जोड़ें, उसे सजाएं-संवारें, संगीतमय और आनंदमय बनाएं। यही धर्म है।

घर के कामकाज और जिम्मेदारी को संभालेंगे रोबोट

रतन जैन

तकनीकी अब घर-घर में पहुंचने की तैयारी में है। दुनिया में इस समय एआई का बोलबाला है। सारी दुनिया के देशों में एआई तकनीकी पर आधारित रोबोट बनाए जा रहे हैं। हर देश में यह रोबोट अपने-अपने तरीके से परंपरागत रूप से काम करने की तकनीकी सीख रहे हैं। इन्हें इंसानों के बीच में किस तरह से किस देश में काम होते हैं उसकी जानकारी देकर रोबोट को इस बात के लिए तैयार कर रहे हैं कि वह समाज की जरूरत पर पूरी तरह से कारगर हो। भारत में जो रोबोट तैयार किये जा रहे हैं उन्हें कारखाने और घरेलू कामकाज के लिए तैयार किया जा रहा है। कारखाने में जिस तरह से मजदूर काम करते हैं उन्हीं कामों को अब रोबोट से कराने की तैयारी शुरू हो गई है। इसके साथ ही घरेलू कामकाज में परंपरागत तरीके से रोबोट अपना काम कर सकें इसके लिए उन्हें रोटी बनाना, सब्जी बनाना, यहां तक कि किस सब्जी में कितने मसाले का उपयोग करना है, घर के कामकाज में कपड़े धोने से लेकर वैक्यूम चलाकर घर की साफ सफाई करना, साइकिल चलाना, सड़क पार करना, कपड़ों पर प्रेस करना और पौधों को पानी देने के साथ ही साथ पौधों का रखरखाव करने जैसे काम करने वाले रोबोट तैयार किए जा रहे हैं। इसके लिए लगातार प्रयास शुरू हो गए हैं। इसे देखते हुए संभावना व्यक्त की जा रही है कि साल-दो-साल में भारत के प्रमुख शहरों में कामकाजी रोबोट के शोरूम खुल जाएंगे।

रोबोटिक में इमिटेशन लर्निंग के सटीक कार्यों की जानकारी के लिए जो कुशल मजदूर हैं और गृहणी के रूप में जो महिलाएं काम कर रही हैं वह अपने वीडियो तैयार करके कंपनियों को उपलब्ध करा रहे हैं। इससे उन्हें कमाई भी हो रही है और रोबोट तैयार करने वाले इंजीनियरों को रोबोट और सॉफ्टवेयर तैयार करने में मदद मिल रही है। इस कार्य को करने के लिए जो वीडियो बनाकर कमाई शुरू हुई है उसमें कामगार को अपने काम को व्यवस्थित रूप से करने और बारीकी से उसे समझाने में मदद मिल रही है। इसी तरह से घरेलू काम के लिए घरेलू महिलाओं और घरेलू कामकाज करने वाली कामगार की सहायता ली जा रही है। रील और वीडियो के माध्यम से यह एक नया रोजगार बन रहा है जो सोशल मीडिया के माध्यम से बड़ी तेजी के साथ प्रचलित होता चला जा रहा है। घरेलू कामगारों के लिए कम से कम 30 मिनट का वीडियो तैयार करना होता है, इस वीडियो का उपयोग जो भी कंपनी करती है, वो उसका भुगतान भी करती है। इसी तरह से मजदूर जो भवन निर्माण एवं अन्य कार्मों में लगे हुए हैं वह अपने-अपने काम और अनुभव के आधार पर वीडियो तैयार कर रहे हैं, इससे उन्हें सोशल मीडिया के माध्यम से बड़ी कमाई हो रही है।

सबसे बड़ी बात यह है अलग-अलग क्षेत्र के लिए अलग-अलग भाषा में काम करने वाले कामगार रोबोट तथा घरेलू कामकाज के लिए रोबोट तैयार करने का सिलसिला भारत में बड़ी तेजी के साथ चल पड़ा है। आने वाले दिनों में अब एआई तकनीकी से तैयार रोबोट बड़ी मात्रा में बिकने के लिए उपलब्ध होंगे, जो कंपनियां रोबोट तैयार कर रहे हैं वह इस बात पर विशेष ध्यान दे रही हैं। जो रोबोट तैयार हों वह विभिन्न भाषा में, विभिन्न संस्कृति के अनुसार, कारखाने और घरेलू कामकाज के लिए पूरी तरह से काम कर सकें। आने वाले दिनों में झाड़ू-पोछा से लेकर रोटी बनाने, बुजुर्गों को टहलाने, बच्चों को खिलाने, बागवानी करने और अन्य काम अब घर घर में रोबोट करते हुए देखे जा सकेंगे। जिस तरह से एआई तकनीकी के माध्यम से परिवर्तन आ रहे हैं उसको देखते हुए यह आशंका भी व्यक्त की जा रही है कि करोड़ों लोग जो मजदूरी और घरों के कामकाज में रोजगार प्राप्त करते थे वह बेरोजगार हो सकते हैं।

यह एक बड़ी आशंका भारत सहित दुनिया के सभी देशों को परेशान कर रही है। लेकिन तकनीकी का विकास अपनी जगह है, इसके साथ तालमेल बिठाकर काम करने की जरूरत है। यह सबसे बड़ी चुनौती है, जिसके कारण सारी सामाजिक व्यवस्था और संस्कृति प्रभावित होने जा रही है। भारत सरकार अभी इस संबंध में कोई कानून लेकर नहीं आई है। किस तरह से सामाजिक, आर्थिक रूप से यह परिवर्तन लोगों को प्रभावित करेगा इसको लेकर भारत से दुनिया के सभी देशों में चिंता देखने को मिल रही है। तकनीकी का विकास पारिवारिक एवं आर्थिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए किया जाना चाहिए। तकनीकी का अंधाधुंध विकास सामाजिक व्यवस्था को पूरी तरह से प्रभावित कर सकता है। इसका ध्यान रखने की जरूरत है।

श्रीमद्भगवद्गीता श्रृंखलाः अध्याय - 5 (कर्मसंन्यास योग)

घर छोड़ना या अहंकार छोड़ना? जब श्री कृष्ण ने सुलझाई त्याग और कर्म की कशमकश!



महानगर मेट्रो ब्यूरो

क्या सच्चा साधु बनने के लिए हिमालय जाना जरूरी है? क्या संसार की जिम्मेदारियों को छोड़ देना ही मुक्ति का एकमात्र रास्ता है? पछले अध्याय में हमने देखा कि ज्ञान की तलवार से संशय (शंका) को काट देना है। लेकिन अर्जुन, हमारी ही तरह, फिर से उलझन में पड़ जाता है। उसके मन में सवाल उठता है, 'हे कृष्ण! एक तरफ आप कर्मों का त्याग (संन्यास) करने को कहते हैं और दूसरी तरफ कर्म करने की बात करते हैं। इन दोनों में से श्रेष्ठ क्या है? हम भी अक्सर ऐसी ही दुविधा में जीते हैं। सोशल मीडिया पर दूसरों का 'वेकेशन मोड' देखकर या ऑफिस के काम के बोझ से तंग आकर हमें लगता है कि 'सब कुछ छोड़कर कहीं भाग जाएं!' लेकिन श्रीकृष्ण इस अध्याय में समझाते हैं कि सच्चा संन्यास भागने की प्रवृत्ति (पलायनवाद) नहीं, बल्कि एक आंतरिक कला है। कृष्ण अर्जुन से बहुत स्पष्ट शब्दों में कहते हैंः 'कर्म का संन्यास (सब कुछ छोड़ देना) और कर्मयोग (अनासक्त होकर कर्म करना) ये दोनों ही परम कल्याण करने वाले हैं। लेकिन इन दोनों में कर्मसंन्यास की तुलना में कर्मयोग श्रेष्ठ है। भगवान समझाते हैं कि जो व्यक्ति न तो किसी से द्वेष करता है और न ही कोई आकांक्षा (इच्छा) रखता है, वह घर में रहकर, संसार के सारे कार्य करते हुए भी नित्य संन्यासी ही है। सच्चा त्याग कपड़े बदलने में नहीं, बल्कि मन का दृष्टिकोण बदलने में है। दीये की लौ और हवाः तटस्थता का नया गणित जब हम संसार में काम करते हैं, तो हमारा मन इच्छाओं और उम्मीदों की हवा से लगातार डगमगाता रहता है। मान लीजिए कि एक कांच की लालटेन के अंदर दीया जल रहा है। बाहर चाहे कितनी भी तेज आंधी या तूफान चल रहा हो, लेकिन कांच की दीवार के कारण अंदर की लौ स्थिर रहती है, वह जरा भी नहीं डगमगाती। हमारा जीवन भी ऐसा ही होना चाहिए। आस-पास कितनी भी भागदौड़, नकारात्मकता या प्रशंसा की हवा चल रही हो, लेकिन हमारी आंतरिक शांति परमात्मा के स्मरण रूपी 'कांच के कवच' से सुरक्षित होनी चाहिए। कर्म कीजिए, लेकिन बाहर के वातावरण को अपनी आंतरिक स्थिरता डिगाने मत दीजिए।

समदर्शी बुद्धिः सोने की जंजीर और लोहे की बेड़ी

इस अध्याय में कृष्ण समदृष्टि की बात करते हैं। हम अक्सर अच्छे परिणाम से बहुत खुश हो जाते हैं और बुरे परिणाम से टूट जाते हैं। बेड़ी (हथकड़ी) लोहे की हो या सोने की, वह इंसान को बांधकर ही रखती है। लोहे की बेड़ी यानी दुःख और सोने की बेड़ी यानी सुख और अहंकार। सच्चा ज्ञानी वही है जो समझता है कि दोनों **अंततः** बंधन ही हैं। इसीलिए, कृष्ण कहते हैं कि सच्चा ज्ञानी पुरुष एक विद्वान ब्राह्मण, गाय, हाथी, कुत्ते और चांडाल सब में एक ही परमात्मा के अंश को देखता है। जब आप सामने वाले व्यक्ति के पद, प्रतिष्ठा या जाति को नहीं, बल्कि उसके भीतर की इंसानियत को देखते हैं, तब आपके आधे प्रश्न अपने आप सुलझ जाते हैं।

काम-क्रोध के वेग को जीतनाः समुद्र और नदियों का गूढ़ रहस्य

इस अध्याय के 23वें श्लोक में कृष्ण कहते हैं कि जो व्यक्ति इस शरीर में रहते हुए ही, शरीर छूटने (मृत्यु) से पहले काम और क्रोध से उत्पन्न होने वाले वेग को सहन करने में समर्थ हो जाता है, वही सुखी है। विचार कीजिए, मानसून में देश भर की नदियां अपने पूरे उफान और वेग के साथ समुद्र में जाकर मिलती हैं। लेकिन समुद्र उन सभी नदियों के वेग को अपने भीतर समाहित कर लेता है, फिर भी वह अपनी मर्यादा नहीं छोड़ता और न ही उफनकर बाहर आता है। हमारा मन भी इसी समुद्र की तरह गंभीर होना चाहिए। दैनिक जीवन में अपमान, गुस्सा या इच्छाओं की नदियां हमारे मन में बहकर आएंगी, लेकिन हमें समुद्र की तरह शांत रहकर उस वेग को पचा लेना है, बाहर उफनकर किसी का नुकसान नहीं करना है। सुख का सच्चा सोर्स कहां है? हम सभी बाहरी चीजों में सुख ढूंढ रहे हैं। लेकिन कृष्ण कहते हैं कि बाहरी विषयों से मिलने वाला सुख तो क्षणभंगुर (नष्ट होने वाला) है और वही दुःख का कारण भी है। सच्चा और स्थायी सुख तो हमारे भीतर ही है। अध्याय के अंत में कृष्ण हमें आंतरिक शांति का परम मंत्र देते हैं कि भगवान को अपना परम मित्र (सुहृद) मानकर सब कुछ उन्हें अर्पित कर देना चाहिए। सब कुछ छोड़कर जंगल में जाने की जरूरत नहीं है। घर में रहकर, अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा से निभाते हुए, बस परिणाम की चिंता ईश्वर पर छोड़ देना ही सच्चा 'कर्मसंन्यास' है। (क्रमशःआगामी अध्याय 6 में हम समझेंगे 'आत्मसंयम योग'– मन को कंट्रोल कैसे करें? सोशल मीडिया और डिस्ट्रैक्शन के जमाने में मन की एकाग्रता का साइंस।)

दर्शना पटेल स्पोर्ट्स टीचर।
(नेशनल अवार्ड से सम्मानित)

कानपुर जेल में बंदी से मारपीट, डिप्टी जेलर और हेड वार्डर पर हुई कार्रवाई, दोनों सस्पेंड

महानगर मेट्रो ब्यूरो

कानपुर। जेल से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। जेल में बंद बंदी से मारपीट के मामले में डिप्टी जेलर और हेड वार्डर को निलंबित कर दिया गया। डीजी जेल प्रेमचंद्र मीणा ने दोनों के खिलाफ यह कार्रवाई की है। जेल अधीक्षक राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि बंदी सिराज को पिछले महीने प्रशासनिक आधार पर फतेहपुर जिला कारागार से कानपुर जेल भेजा गया था। आरोप है कि बुधवार को डिप्टी जेलर राजेंद्र कुमार मिश्रा और जेल हेड वार्डर श्याम किशोर तिवारी ने सिराज के साथ गाली गलौच करते हुए उसके साथ मारपीट की थी। घटना को छिपाया गया, जिसकी जानकारी उन्हें अन्य कर्मचारियों से मिली। उन्होंने मामले की जांच कराई।

डिप्टी जेलर-हेड वार्डर निलंबित

जिसमें प्रथम दृष्टया आरोप सही पाए गए। जेल अधीक्षक ने बताया कि जांच रिपोर्ट के आधार पर डीजी जेल ने डिप्टी जेलर राजेंद्र कुमार मिश्रा और हेड वार्डर श्याम किशोर त्रिपाठी को निलंबित कर दिया गया। निलंबन के दौरान दोनों कर्मचारियों को विभागीय नियमों के अनुसार मुख्यालय से संबद्ध रखा जाएगा।

विभागीय जांच शुरू

इस मामले में विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं इस प्रकरण को को शासन ने गंभीरता से लिया है। जिम्मेदारों की तरफ से इस तरह की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक इस मामले की एक रिपोर्ट फतेहपुर जेल भी भेजी जाएगी।

पुलिस कस्टडी में मर्डर! शिवपुरी की युवती की होटल में हत्या, आरोपी प्रेमी ने खुद का भी काटा गला

महानगर मेट्रो ब्यूरो

शिवपुरी। जिले से जुड़े एक प्रेम प्रसंग ने दर्दनाक मोड़ ले लिया. घर से भागे प्रेमी-प्रेमिका को पुलिस ने गुजरात के राजकोट से बरामद कर लिया था, लेकिन उन्हें वापस शिवपुरी लाने के दौरान ऐसी घटना हुई जिसने सभी को स्तब्ध कर दिया. आरोप है कि प्रेमी ने होटल के कमरे में प्रेमिका का गला काटकर हत्या कर दी और बाद में खुद का भी गला काट लिया. दरअसल, यह मामला शिवपुरी जिले के देहात थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरसमा का है. यहां रहने वाली रजनी धाकड़ 8 जून 2026 को संतोष जाटव नामक युवक के साथ घर छोड़कर चली गई थी. युवती के परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट देहात थाने में दर्ज कराई थी गुमशुदगी दर्ज होने के बाद पुलिस ने दोनों की तलाश शुरू की. मोबाइल फोन की लोकेशन और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस को पता चला कि दोनों गुजरात में हैं. इसके बाद शिवपुरी पुलिस की टीम गुजरात के राजकोट पहुंची और दोनों को बरामद कर लिया. पुलिस के साथ युवती का भाई भी गुजरात गया था. बरामदगी के बाद पुलिस टीम दोनों को अपने साथ शिवपुरी लेकर लौट रही थी. लंबा सफर होने के कारण रास्ते में रुकने का फैसला किया गया. जानकारी के अनुसार, पुलिस टीम गुजरात के गांधीनगर क्षेत्र में उदयपुर एक्सप्रेस-वे पर स्थित एक होटल में ठहरी थी. देर रात सभी लोग अपने-अपने कमरों में चले गए. बताया जा रहा है कि 11 जून की रात करीब 2 बजे अचानक होटल से चीखने-चिल्लाने की आवाजें सुनाई दीं. आवाज सुनकर पुलिसकर्मी और अन्य लोग मौके की ओर दौड़े. कमरे का दरवाजा खुलते ही सामने आया खौफनाक मंजर जब पुलिस टीम कमरे में पहुंची तो वहां का दृश्य बेहद भयावह था. रजनी धाकड़ खून से लथपथ हालत में पड़ी थी और उसका गला कटा हुआ था. वहीं, संतोष जाटव भी गंभीर रूप से घायल मिला. प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, संतोष ने किसी धारदार हथियार से पहले रजनी पर हमला किया और उसका गला काट दिया. इसके बाद उसने खुद का भी गला काटकर आत्महत्या का प्रयास किया. घटना के बाद दोनों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया. डॉक्टरों ने रजनी को मृत घोषित कर दिया, जबकि संतोष की हालत गंभीर होने के कारण उसे अस्पताल में भर्ती कर उपचार शुरू किया गया. गुजरात पुलिस कर रही मामले की जांच घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंच गई. होटल और घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए गए हैं. मामले की जांच गुजरात पुलिस द्वारा की जा रही है. शिवपुरी के एडिशनल एसपी संजीव मूल ने बताया कि देहात थाना पुलिस टीम गुमशुदा युवक-युवती की बरामदगी के लिए राजकोट गई थी. वापसी के दौरान होटल में यह गंभीर घटना घटित हुई. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि घटना के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है.



खरगोन में फूटी मुख्य पानी की पाइपलाइन, 40 फीट ऊंचा उठा फव्वारा, 15 हजार लोग परेशान

महानगर मेट्रो ब्यूरो

खरगोन। शहर में जलावर्धन योजना के तहत पेयजल आपूर्ति करने वाली मुख्य पाइपलाइन शुक्रवार शाम अचानक फूट गई। औरंगपुरा मार्ग पर स्थित कुंदा नदी पुल के पास हुए इस हादसे के बाद करीब 40 फीट ऊंचा पानी का फव्वारा छूटने लगा। तेज दबाव के कारण लगभग एक घंटे तक लाखों लीटर शुद्ध पेयजल व्यर्थ बह गया। इस घटना से शनिवार को शहर के कई प्रमुख इलाकों में जलापूर्ति पूरी तरह बाधित रहने की आशंका है।

150 हॉर्सपावर के पंपिंग सिस्टम में आया रिसाव

जानकारी के अनुसार, शुक्रवार शाम करीब 4:30 बजे रहीमपुरा ओवरहेड टैंक को पानी सप्लाई करने वाली मुख्य राइजिंग पाइपलाइन अचानक क्षतिग्रस्त हो गई। यह पाइपलाइन 150 हॉर्सपावर की भारी-भरकम पंपिंग प्रणाली से जुड़ी हुई है, जिसके कारण पानी का प्रेशर बेहद तेज था। घटना की सूचना मिलते ही नगर पालिका और जेएमसी कंपनी के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर पंपिंग बंद कराई और स्थिति पर काबू पाया।

इन 4 प्रमुख इलाकों में मचेगा हाहाकार

इस मुख्य पाइपलाइन के जरिए रहीमपुरा स्थित ओवरहेड टैंक में पानी भरा जाता है, जहां से शहर के ओरंगपुरा, रहीमपुरा, सुखपुरी और दमखेड़ा क्षेत्रों में पेयजल का वितरण होता है। पाइपलाइन के क्षतिग्रस्त होने से इन क्षेत्रों के करीब 15 हजार रहवासियों के सामने पानी का संकट खड़ा हो गया है। अधिकारियों ने पुष्टि की है कि शनिवार को इन सभी इलाकों में पानी की सप्लाई प्रभावित रहेगी। कपलिंग जॉइंट की रबर शीट फटने से हुआ हादसा नगर पालिका खरगोन के जलप्रदाय शाखा प्रभारी संजय सोलंकी ने बताया कि पुराने कुंदा पुल के पास स्थित लगभग 173 मीटर लंबी मुख्य पाइपलाइन के कपलिंग जॉइंट के पास लगी रबर शीट डैमेज हो गई थी, जिसकी वजह से यह बड़ा रिसाव हुआ। उन्होंने बताया कि शुक्रवार का कोटा टैंक में भर दिया गया था.

'प्यार साबित करने के लिए लड़कों को जान देनी पड़ती है', GF समेत 5 का नाम बता युवक ने की खुदकुशी

महानगर मेट्रो ब्यूरो

इंदौर। इंदौर के नंदा नगर क्षेत्र से एक बेहद दुखद और झकझोर देने वाला मामला सामने आया है। यहां किराए के मकान में रहने वाले एक 25 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। आत्मघाती कदम उठाने से पहले युवक ने एक बेहद भावुक वीडियो रिकॉर्ड किया, जिसमें उसने समाज और व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि आज के दौर में लड़के सुरक्षित नहीं हैं और उन्हें अपना प्यार साबित करने के लिए जान तक गंवानी पड़ती है। घटना की सूचना मिलते ही परदेशीपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

उज्जैन का रहने वाला था मृतक

पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान लविश लश्करी के रूप में हुई है। वह मूल रूप से उज्जैन



का निवासी था और इंदौर में रहकर ड्राइवर के रूप में काम करता था। शुरुआती जांच और परिजनों से मिली जानकारी के मुताबिक, लविश का खंडवा की रहने वाली एक युवती के साथ पिछले दो साल से प्रेम संबंध चल रहा था। दोनों के बीच रिश्ता काफी गहरा था।

मोबाइल छीनने का आरोप

लविश ने अपने आखिरी वीडियो में बताया कि वह करीब डेढ़ साल तक अपनी प्रेमिका के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रहा था। हालांकि, कुछ समय पहले युवती के परिजनों को इस रिश्ते की भनक लग गई, जिसके बाद वे युवती को जबरन अपने साथ घर ले गए। युवक का आरोप है कि परिजनों ने प्रेमिका का मोबाइल फोन भी छीनकर अपने पास रख लिया था, जिससे दोनों के बीच बातचीत और संपर्क पूरी तरह टूट गया। इस अचानक आई दूरी के कारण लविश गंभीर मानसिक तनाव का शिकार हो गया था। लविश ने फंदा लगाने से ठीक पहले रिकॉर्ड किया गया यह वीडियो अपने भाई को व्हाट्सएप पर भेजा था। वीडियो में उसने अपनी प्रेमिका, उसकी बहन, भाई और दो अन्य रिश्तेदारों के नाम साफ तौर पर लिए हैं और उन्हें अपनी मौत का जिम्मेदार ठहराया है

दो पत्नियां, गोलियों की आवाज और किले में अफरा-तफरी... सतना के राजघराने में बवाल की कहानी

एक राजघराना, दो पत्नियां, सालों पुराना विवाद और फिर गढ़ी के भीतर गूंजती गोलियां... मध्य प्रदेश के सतना में नागौद राजघराने की परसमनिया गढ़ी से ऐसी कहानी सामने आई है,

महानगर मेट्रो ब्यूरो

सतना। राजघरानों की कहानियां आमतौर पर शानो-शौकत, विरासत और सत्ता की चर्चा से शुरू होती हैं. लेकिन मध्य प्रदेश के सतना जिले की परसमनिया गढ़ी में 12 जून की दोपहर जो हुआ, उसकी कहानी कुछ और है. यहां चर्चा किसी समारोह की नहीं, बल्कि गोलियों की आवाज, चीख-पुकार और एक ऐसे पारिवारिक विवाद की हो रही है, जो अचानक खूनी संघर्ष में बदल गया. पुलिस के मुताबिक, घटना नागौद राजघराने से जुड़ी परसमनिया गढ़ी में हुई. दोपहर का वक्त था. गढ़ी के भीतर लोग अपने-अपने काम में लगे थे. यहां रूपेंद्र सिंह उर्फ बाबा राजा की पत्नी योगिता सिंह और कथित दूसरी पत्नी सुनीता सिंह के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था. योगिता सिंह अपने परिजनों के साथ गढ़ी पहुंची थीं. परिवार के भीतर चल रहे विवाद को सुलझाने की कोशिश हो रही थी. लेकिन बातचीत के दौरान माहौल बिगड़ गया. बहस बढ़ी, आरोप-प्रत्यारोप हुए और फिर हालात कंट्रोल से बाहर चले गए. इसी दौरान गोली चलने की घटना हुई और योगिता सिंह गंभीर रूप से घायल हो गईं.

एक के बाद एक गोलियां चलने की आवाज सुनाई दी. कुछ लोग आवाज की दिशा में दौड़े, कुछ सहम गए और कुछ को समझ ही नहीं आया कि आखिर हुआ क्या है. कुछ ही देर में खबर फैल गई कि राजघराने से जुड़े परिवार में चल रहा पुराना विवाद अब गोलीकांड में बदल चुका है. कुछ लोगों ने घायल महिला को संभालने की कोशिश की तो कुछ ने पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी. दरअसल, यह कहानी 12 जून की दोपहर से शुरू नहीं होती. इसकी शुरुआत कई साल पहले हो चुकी थी. पुलिस और परिवार से मिली जानकारी के मुताबिक, नागौद राजघराने से जुड़े रूपेंद्र सिंह उर्फ बाबा राजा के परिवार में लंबे समय से तनाव चल रहा था. परिवार के भीतर रिश्तों को लेकर खींचतान, आरोप-प्रत्यारोप और विवाद की चर्चा पहले भी होती रही थी. इसी तनाव के बीच योगिता सिंह दो दिन पहले अपने परिजनों के साथ परसमनिया गढ़ी पहुंची थीं. मकसद था बातचीत के जरिए विवाद का कोई हल निकालना. लेकिन टकराव का माहौल बन गया था. परिजनों के मुताबिक, दोपहर करीब तीन बजे बातचीत शुरू हुई. कुछ लोग बीच-बचाव की कोशिश कर रहे थे.

अखिलेश यादव की बेटी पर सोशल पर जहर तो एक्शन में सीएम योगी, आदेश दिया- FIR दर्ज करो, ये बर्दाश्त नहीं

महानगर मेट्रो ब्यूरो

आजमगढ़। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव की बेटी को लेकर की गई अभद्र टिप्पणी के मामले में यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ का बयान सामने आया है। आजमगढ़ में जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि बेटी का सम्मान होना चाहिए।

अपमानजनक टिप्पणी स्वीकार नहीः सीएम

सीएम ने आगे कहा कि बेटी के खिलाफ कोई भी अपमानजनक टिप्पणी स्वीकार नही है,बेटी बेटी होती है,हम तो उस संस्कार में पले हैं,जहां कहा जाता है गांव की बेटी सबकी बेटी। सीएम योगी ने इसके साथ ही अखिलेश को नसीहत देते हुए कहा कि अखिलेश जी दूसरों को तो उपदेश देते हो,अपने चेले चपाटों को भी थोड़ा उपदेश देदो की अपनी भाषा को संयम कर लें।

अखिलेश को भी नसीहत

सीएम योगी ने कहा कि दूसरों के ऊपर टिप्पणी करने के पहले स्वयं भी सोचा करो कि उनके लोग किस प्रकार की भाषा का प्रयोग करते हैं,अपने लोगो को संस्कारित करें, उन्हें समझाओ,नही कर सकते तो उन्हें हमारे हवाले कर दो। बता दें कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और उनकी पुत्री के खिलाफ सोशल मीडिया पर अभ्रद टिप्पणी का मामले में उत्तर प्रदेश के कानपुर के साइबर क्राइम थाने में FIR भी दर्ज की गई है। अदिति यादव के खिलाफ सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट किए जा रहे थे। अब पुलिस ने इस मामले में तीन लोगों को नामजद करते हुए जांच शुरू कर दी है।

AS सौम्या पांडेय बनीं बरेली विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष, कोरोना काल में बेटी को ऑफिस लाकर निपटाती थीं फाइलें

महानगर मेट्रो ब्यूरो

बरेली। उत्तर प्रदेश सरकार अधिकारियों का लगातार तबादले कर रही है। इसी क्रम में बरेली विकास प्राधिकरण में उपाध्यक्ष और संभागीय खाद्य नियंत्रक के पद पर तैनात मणिकंदन ए. को वेटिंग लिस्ट में डाल दिया गया है। उनकी जगह कानपुर में अपर श्रमायुक्त रहीं सौम्या पांडेय को तैनात किया गया है। आईएएस मणिकंदन ए. अपनी सख्त कार्यशैली और शहर में अवैध निर्माण पर एक्शन के लिए जाने जाते थे। उन्होंने सीएम के ड्रीम प्रोजेक्ट नाथ कारिडोर, रामायण वाटिका और ग्रेटर बरेली आवासीय योजना समेत अन्य प्रमुख विकास योजनाओं को बेहद कम समय में धरातल पर उतारा।2017 बैच की आईएएस हैं सौम्या पांडेय दूसरी ओर, सौम्या पांडेय 2017 बैच की आईएएस अफसर हैं। वह प्रयागराज की रहने वाली हैं। उन्होंने दिल्ली के लेडी श्रीराम कॉलेज से राजनीति विज्ञान से स्नातक की डिग्री ली। इसके बाद उन्होंने नेशनल लॉ ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी बेंगुलरु से पब्लिक पॉलिसी में मास्टर डिग्री ली। 2016 में उन्होंने यूपीएससी परीक्षा में ऑल इंडिया चौथी रैंक हासिल की।

सर्वश्रेष्ठ कलेक्टर का मिल चुका है पुरस्कार

सौम्या पांडेय की पहली नियुक्ति मथुरा जिले में सहायक कलेक्टर के रूप में हुई। उन्होंने शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की गुण्वत्ता सुधारने पर विशेष जोर दिया। लोक प्रशासन में उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें 2020 में सर्वश्रेष्ठ कलेक्टर का पुरस्कार मिला। सौम्या पांडेय 2020 में गाजियाबाद के मोदीनगर में एसडीएम पद पर भी तैनात रह चुकी हैं। इस दौरान उन्होंने एक बेटी को जन्म दिया। कोरोना महामारी के दौरान अपनी जिम्मेदारी समझते हुए उन्होंने महज 22 दिन बाद ही कार्यालय पहुंचकर ड्यूटी जॉइन कर ली। उनकी एक फोटो सामने आई थी जिसमें वह अपनी बेटी को गोद में लेकर काम करती दिखी थीं।

सहारनपुर में गोगा म्हाड़ी पर नया संग्राम... हिंदू संगठनों ने गोमूत्र फव्वारे लगाने की दी चेतावनी

महानगर मेट्रो ब्यूरो

सहारनपुर। जाहरवीर गोगा म्हाड़ी परिसर में स्थित गोरक्ष गंगा सरोवर को लेकर विवाद लगातार गहराता जा रहा है. गोगा म्हाड़ी सुधार सभा के अध्यक्ष अनिल प्रताप सैनी ने आज तक से बातचीत में कहा कि सरोवर को धार्मिक स्थल के बजाय मनोरंजन स्थल की तरह विकसित किया जा रहा है. उनका आरोप है कि इससे श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं. अनिल प्रताप सैनी ने कहा कि इस मामले को लेकर वह जिलाधिकारी से मिल चुके हैं और ज्ञापन भी सौंपा गया है. उनके अनुसार प्रशासन ने जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया है. उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उचित कार्रवाई नहीं हुई तो गोगा म्हाड़ी के दोनों प्रवेश द्वारों पर गोमूत्र के फव्वारे लगाने की तैयारी की जाएगी. साथ ही गांव-देहात और आसपास के जिलों में बैठकों का दौर भी शुरू कर दिया गया है. गोमूत्र फव्वारे के साथ आंदोलन की चेतावनी सभा अध्यक्ष ने दावा किया

कि गोरक्ष गंगा एक ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व का सरोवर है, जहां वर्षों से मेला लगता आ रहा है. उन्होंने आरोप लगाया कि सरोवर की वर्तमान व्यवस्था से धार्मिक स्थल की पवित्रता प्रभावित हो रही है. सैनी ने कहा कि यदि प्रशासन ने उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया तो गोगा म्हाड़ी सुधार सभा और विभिन्न हिंदू संगठन मिलकर बड़ा आंदोलन करेंगे. वहीं नगर निगम के मेयर डॉ. अजय सिंह से इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया लेने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने विस्तृत टिप्पणी करने से इनकार करते हुए कहा कि उन्हें मामले की पूरी जानकारी नहीं है. सहारनपुर के जाहरवीर गोगा म्हाड़ी पर बने गोरख गंगा सरोवर पर मुसलमानों की एंट्री को लेकर गोगा माली सुधार सभा के अध्यक्ष अनिल प्रताप सैनी आज तक से बातचीत करते हुए बोले जिस तरीके से सरोवर को फन प्वाइंट बढ़ाने का काम किया गया है, इन पर अगर प्रशासन की तरफ से कार्यवाही नहीं हुई, तो गोगा म्हाड़ी के जो दोनों गेट हैं वहां पर गोमूत्र के फव्वारा लगाने की पूरी तैयारी हो चुकी है.

मामले में नगर निगम का बोलने से इनकार

इस संबंध में हम जिलाधिकारी से मिले थे और विज्ञापन दिया है. जिसको लेकर जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया है कि इस पर जल्द कार्रवाई शुरू करूंगा. इसी को लेकर हमने गांव देहात और अन्य जनपदों में अपनी बैठक शुरू कर दी है. अगर कोई एक्शन नहीं हुआ तो जल्द हम गोगा म्हाड़ी सुधा सभा और हिंदू संगठन सभी मिलकर एक बड़ा आंदोलन करेंगे. वह स्वच्छ कुंड नहीं ऐतिहासिक कुंड है जहां पर हजारों साल से मेला लगता आ रहा है.

सपा जिलाध्यक्ष के बयान से मचा बवाल, पार्टी को भंग करनी पड़ी कार्यकारिणी!

महानगर मेट्रो ब्यूरो

हरदोई। उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में समाजवादी पार्टी के भीतर चल रहा विवाद अब एक बड़े फैसले तक पहुंच गया है. सपा जिलाध्यक्ष शराफत अली के कथित वायरल वीडियो को लेकर मचे घमासान के बीच पार्टी ने बड़ा कदम उठाया है. हरदोई की कार्यकारिणी को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया है. समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल की ओर से जारी आदेश में जिला अध्यक्ष समेत सभी जिला पदाधिकारियों और पार्टी के अलग-अलग विंग की टीमों को समाप्त करने की बात कही गई है. यह फैसला ऐसे समय में आया है, जब पार्टी के अंदर कथित टिप्पणी को लेकर नाराजगी बहुत बढ़ रही थी. दरअसल, हरदोई में सपा जिलाध्यक्ष शराफत अली का एक कथित वीडियो-ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद सारा विवाद खड़ा हुआ. वीडियो में उन पर अपनी ही पार्टी की पूर्व सांसद ऊषा वर्मा, पूर्व विधायक राजेश्वरी देवी समेत

महिला नेताओं को लेकर कथित तौर पर अभद्र बातें करने का आरोप लगा. इसके अलावा फौज में भर्ती होने वाली बेटियों को लेकर भी एक कथित बयान सामने आने के बाद मामला काफी गरमा गया वायरल वीडियो के बाद ऊषा वर्मा मीडिया से बातचीत के दौरान भावुक हो गईं. उन्होंने कहा कि उनका परिवार वर्षों से समाजवादी आंदोलन से जुड़ा रहा है, ऐसे में महिलाओं और देश की रक्षा कर रही बेटियों को लेकर इस तरह की भाषा बेहद दुखद है. ऊषा वर्मा ने साफ कहा कि राजनीतिक मतभेद अलग बात है, लेकिन किसी महिला के सम्मान पर ऐसी टिप्पणी स्वीकार नहीं की जा सकती. उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले को पार्टी के सामने उठाया जाएगा और राष्ट्रीय अध्यक्ष तक शिकायत पहुंचाई जाएगी. पूर्व विधायक राजेश्वरी देवी ने भी इस कथित टिप्पणी को महिलाओं की गरिमा पर हमला बताते हुए कार्रवाई की मांग की है. वहीं सोशल मीडिया पर भी इस मामले को लेकर लोगों की तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है. हालांकि, सपा जिलाध्यक्ष शराफत अली ने अपने ऊपर लगे आरोपों को पूरी तरह खारिज किया है.

दिल्ली में ई-वेस्ट से जंग की तैयारी, अब इस नए प्लान पर होगा काम; सरकार ने मांगे प्रस्ताव

महानगर मेट्रो ब्यूरो

नई दिल्ली। राजधानी की दिल्ली सरकार इलेक्ट्रॉनिक कचरे (ई-वेस्ट) के निपटारे के लिए बनने वाले ई-वेस्ट इको पार्क को अब पीपीपी मॉडल पर विकसित करेगी। सरकार को इसपर कोई पैसा खर्च नहीं करना होगा। दिल्ली सरकार की दिल्ली स्टेट इंडस्ट्रियल एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डिवेलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड ने टेंडर जारी कर इसके लिए निजी कंपनियों से प्रस्ताव मांगे है। सूत्रों की मानें तो चयनित कंपनी को यह परियोजना 30 साल के लिए लीज पर दी जा सकती है।

दिल्ली में हर साल 2 लाख टन इलेक्ट्रॉनिक कचरा निकलता है

राजधानी दिल्ली में हर साल 2 लाख टन इलेक्ट्रॉनिक कचरा निकलता है। यह देश में निकलने वाले कुल इलेक्ट्रॉनिक कचरे का 9.5 पर्सेंट है। इसलिए तत्कालीन सरकार ने वर्ष 2022 में होलंबी कलां में 21 एकड़ क्षेत्र में ई-वेस्ट इको पार्क बनाने का फैसला किया था। उस समय कई कोशिशों के बाद भी डीडीए की ओर से पूरी जमीन उपलब्ध नहीं कराए जाने के कारण यह योजना लटकी रही। अब मौजूदा सरकार ने इसे 11.4 एकड़ में विकसित करने का फैसला किया है। डीडीए ने इसके लिए जमीन भी उपलब्ध करा दी है। DSIIDC के दस्तावेजों के मुताबिक, यह परियोजना PPP मॉडल पर विकसित की जाएगी। इसके तहत चयनित कंपनी ई-वेस्ट 2 लाख टन ई-वेस्ट दिल्ली में हर साल निकलता है। ई-वेस्ट मैनेजमेंट नियमों के तहत, पुराने मोबाइल, टीवी, फ्रिज और कंप्यूटर जैसे इलेक्ट्रॉनिक कचरे को सुरक्षित तरीके से नष्ट और अलग किया जाएगा। जो उपकरण ठीक किए जा सकते हैं, उनकी मरम्मत करके उन्हें दोबारा उपयोग के लिए तैयार किया जाएगा।

जमानत के लिए कड़कड़डूमा कोर्ट पहुंचे शरजील इमाम और उमर खालिद, दिल्ली दंगा केस में बड़ा अपडेट

महानगर मेट्रो ब्यूरो

नई दिल्ली। शरजील इमाम और उमर खालिद ने दिल्ली दंगों की साजिश के मामले में जमानत के लिए दिल्ली की एक अदालत का दरवाजा खटखटाया है। यह मामला कड़कड़डूमा कोर्ट के एडिशनल सेशंस जज डॉ. सुमेध सेठी के सामने आया है। इस केस की सुनवाई के दौरान जज ने कहा कि दोनों आरोपियों की जमानत याचिका पर 4 जुलाई को सुनवाई होगी।

4 जुलाई को मामले पर सुनवाई

शरजील इमाम और उमर खालिद ने जमानत याचिकाएं तब दायर कीं, जब सुप्रीम कोर्ट की एक बेंच ने उस व्याख्या पर सवाल उठाए, जिसके आधार पर शीर्ष अदालत ने उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया था। कड़कड़डूमा कोर्ट के एडिशनल सेशंस जज डॉ. सुमेध सेठी ने शरजील इमाम और उमर खालिद की जमानत याचिकाओं पर नोटिस जारी करते हुए दिल्ली पुलिस से जवाब मांगा है। अब इस मामले 4 जुलाई को सुनवाई होगी।

शरजील इमाम ने अर्जी में क्या कहा

शरजील इमाम की अर्जी में यह भी बताया गया है कि सुप्रीम कोर्ट की ओर से जमानत न देने के फैसले को 6 महीने से ज्यादा समय बीत गया है। इसके बावजूद, मुकदमे की कार्यवाही में कोई ठोस प्रगति नहीं हुई है और आरोपों पर बहस अभी भी अधूरी है। उन्होंने दलील दी है कि वे इस मामले में लगभग 6 साल से जेल में हैं। दिल्ली पुलिस ने सितंबर 2020 में उमर खालिद को गिरफ्तार किया था। उस पर आरोप है उमर खालिद के साथ शरजील इमाम और कई अन्य लोगों पर भी इसी मामले में साजिशकर्ता होने का आरोप है।

लोकसभा में टारगेट 360, शिंदे की शिवसेना में जा सकते हैं BT के छह सांसद, उद्धव ठाकरे की बढ़ी चिंता

महानगर मेट्रो ब्यूरो



मुंबई। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस में बगावत ने महाराष्ट्र में पहले शिवसेना और फिर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) की टूट के पुराने घटनाक्रमों को ताजा कर दिया है। चर्चा है कि कोलकाता से नई दिल्ली तक गरमाई राजनीति के बीच उद्धव ठाकरे को फिर से झटका लग सकता है। शिवसेना यूबीटी के 9 लोकसभा सदस्यों में करीब 6 सदस्य शिंदे के साथ जा सकते हैं। महाराष्ट्र में लंबे वक्त से ऑपरेशन टाइगर की चर्चा हो रही है लेकिन अब यह दावा किया जा रहा है कि मानसून सत्र से पहले ऐसा हो सकता है। ऐसा होने पर पीएम नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली एनडीए सरकार का संख्याबल लोकसभा में और मजबूत हो जाएगी। अगर एनडीए का संख्याबल 360 होता है तो वह बड़े फैसले ले सकेगी।

महायुति की मजबूती से बढ़ेगा एनडीए का संख्याबल

गौरतलब हो कि संसद के पिछले सेशन में संविधान में बदलाव को मंजूरी देने के लिए जूरूरी खास बहुमत न होने की वजह से ND को झटका लगा था। एनडीए के सूत्रों का कहना है कि जिन पार्टियों के साथ गठबंधन हो सकता है, उनमें से एक सेना BT भी हो सकती है। इस संभावना पर तब से बात हो रही है जब से गठबंधन ने महाराष्ट्र में विधानसभा चुनावों में शानदार जीत हासिल की है, लेकिन अब यह बात जोर पकड़ रही है। उद्धव ठाकरे की पार्टी के लोकसभा में नौ एमपी हैं और उनमें से छह को दूसरी पार्टी में मर्ज होना होगा। डिप्टी CM एकनाथ शिंदे की शिवसेना को सबसे संभावित विकल्प माना जा रहा है, ताकि दल-बदल विरोधी कानून के तहत अपनी सदस्यता खोने से बचा जा सके। हलकों में चर्चा है कि एक बार बगावत झेल चुके उद्धव ठाकरे भी सांसदों को साथ रखने की पूरी कोशिश में जुटे हैं। इंडिया ब्लॉक की दिल्ली में हुई मीटिंग में शिवसेना यूबीटी की तरफ से कोई मौजूद नहीं रहा था। उद्धव ठाकरे, आदित्य ठाकरे और संजय राउत सभी ऑनलाइन जुड़े थे। ऐसी भी संभावना है कि टूट होने की स्थिति में उद्धव कोई बड़ा निर्णय ले सकते हैं। उनके फडणवीस से रिश्ते अच्छे बने हुए है। महाराष्ट्र में उनके दुश्मन नंबर-1 एकनाथ शिंदे ही हैं। शिवसेना यूबीटी सांसदों में अरविंद सांवत और अनिल देसाई को उद्धव ठाकरे का सबसे विश्वस्त माना जाता है।

'ऐसा मजाक समाज के लिए खतरनाक', प्रणित मोरे के शो में '370 की बिरयानी' वाले कमेंट पर भड़कीं अमृता फडणवीस

महानगर मेट्रो ब्यूरो

मुंबई। स्टैंड-अप कॉमेडियन प्रणित मोरे के शो के दौरान की गई विवादित टिप्पणियों को लेकर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उनकी पत्नी अमृता फडणवीस ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। महिलाओं को लेकर की गई 370 रुपये की बिरयानी वाली टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए अमृता ने कहा कि इस तरह की टिप्पणियां महिलाओं को एक वस्तु की तरह पेश करती हैं और उनकी गरिमा को ठेस पहुंचाती हैं।

अमृता बोलीं- यह खतरनाक है

एक निजी चैनल को दिए इंटरव्यू में अमृता फडणवीस ने कहा कि महिलाओं की सहमति और सम्मान को इस तरह मजाक का विषय बनाना समाज के लिए बेहद खतरनाक है। उनका मानना है कि इस तरह के कंटेंट से खासकर युवाओं के बीच गलत सोच और गलत संदेश फैलता है। उन्होंने साफ कहा कि अभिव्यक्ति की आज़ादी का मतलब यह नहीं है कि किसी की गरिमा को ठेस पहुंचाई जाए या महिलाओं के प्रति अपमानजनक सोच को सामान्य बना दिया जाए।

महाराष्ट्र के सीएम ने क्या कहा

वहीं मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी इस विवाद पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि लोकतंत्र में हर व्यक्ति को अपनी बात कहने का अधिकार है, लेकिन यह अधिकार किसी की इज्जत और सम्मान की कीमत पर नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के साथ जिम्मेदारी भी जुड़ी होती है। इस मुद्दे ने अब राजनीतिक रंग भी ले लिया है। शिवसेना यूबीटी की नेता किशोरी पेंडेकर ने मुंबई में विरोध प्रदर्शन का ऐलान किया है। उन्होंने इस मामले में सख्त आपराधिक कार्रवाई की मांग की है। अगर आप खुद को कॉमेडियन कहते हैं, तो कीजिए। आपको किसी ने नहीं रोका है। लेकिन, कॉमेडी करते समय आपको एक बात का विशेष ध्यान रखना होगा कि महिलाओं के सम्मान के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाना चाहिए। शाइना एनसी शिवसेना नेता शाइना एनसी ने कॉमेडियन प्रणित मोरे के कॉमेडी शो में महिलाओं पर की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर आपत्ति जताते हुए कड़ी कार्रवाई की बात कही। उन्होंने कहा कि अगर आप खुद को कॉमेडियन कहते हैं, तो कीजिए। आपको किसी ने नहीं रोका है। लेकिन, कॉमेडी करते समय आपको एक बात का विशेष ध्यान रखना होगा कि महिलाओं के सम्मान के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाना चाहिए।

नेहरू से नरसिम्हा राव तक का जिक्र, फिर PM मोदी पर औरंगजेब अटैक, सीमा लांघ गए उद्धव ठाकरे सांसद संजय राउत

महानगर मेट्रो ब्यूरो

मुंबई। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना यूबीटी के नेता और राज्यसभा सांसद संजय राउत ने पीएम नरेंद्र मोदी की तुलना औरंगजेब से की है। पुणे में पश्चिम बंगाल में टीएमसी में बगावत और वहां 4000 ईवीएम जलने पर बोलते हुए संजय राउत ने विवादित बयान दिया। संजय राउत ने जवाहर लाल नेहरू से लेकर पीवी नरसिम्हा राव का जिक्र करते हुए कहा है कि भारतीय राजनीति में ऐसा 'अघोरी' व्यक्ति कभी पैदा नहीं हुआ। इतना क्रूर व्यक्ति कभी पैदा नहीं हुआ। राउत के हमले पर शिवसेना और बीजेपी ने पलटवार किया और कहा है कि वह अपना मानसिक संतुलन खो बैठे हैं। उन्हें डॉक्टर को दिखाना चाहिए।

संजय राउत की विवादित टिप्पणी

संजय राउत ने कहा कि इसी मिट्टी से पंडित जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री, पी.वी. नरसिम्हा राव, राजीव गांधी, बाबासाहेब अंबेडकर, बालासाहेब ठाकरे जैसे महान नेता पैदा हुए। लेकिन जब हम मोदी जी के पूरे व्यक्तित्व को देखते हैं, तो हमें डर लगता है। वे कहां से आए हैं? वे उसी मिट्टी से आए हैं जहां से औरंगजेब पैदा हुआ था। औरंगजेब गुजरात में ही पैदा हुआ था, है ना? एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना की नेता शाइना एनसी ने राउत की टिप्पणी पर कहा है कि उन्हें काउंसलिंग की जरूरत है। जब तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह सत्ता में रहेंगे, तब तक यह स्थिति बनी रहेगी। देश की मौजूदा हालत देखिए। आप TMC से सांसदों को तोड़ रहे हैं, फिर शिवसेना को तोड़ने की बात करते हैं, और फिर NCP को। आप और कितनी पार्टियां तोड़ेंगे क्या आपके पास करने के लिए संजय राउत ने पश्चिम बंगाल के कोलकाता के अलीपुर करीब 4,000 ईवीएम जलकर खाक होने पर भी निशाना साधा है। राउत ने कहा कि मेरा मानना है कि यह जानबूझकर किया गया था। बीजेपी सरकार ने चुनावों के बाद कोलकाता में जानबूझकर 4,000 ईवीएम कि टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी चुनाव नहीं हार सकती थीं। राउत ने कहा कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में इस्तेमाल की गई 4,000 ईवीएम पर छेड़छाड़ का शक था। वे एक सरकारी इमारत में जलकर राख हो गईं। एक साथ 4,000 ईवीएम कैसे जल सकती हैं? मेरा कहना है कि वे जली नहीं थीं, बल्कि उनमें आग लगाई गई थी। बीजेपी सरकार ने ही उनमें आग लगाई थी। आज देश में यह सबसे गंभीर मुद्दा है।

'हर दिन बेइज्जती, करियर बर्बाद करने की धमकी...', सहकर्मियों से तंग TCS कर्मचारी ने दी जान

महाराष्ट्र राज्य के पुणे के हिंजवड़ी में 48 वर्षीय आईटी इंजीनियर अमित अभय ब्राह्मे ने कथित मानसिक प्रताड़ना से परेशान होकर आत्महत्या कर ली.

महानगर मेट्रो ब्यूरो

पुणे। आईटी हब हिंजवड़ी से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है. यहां 48 वर्षीय आईटी इंजीनियर अमित अभय ब्राह्मे ने कथित मानसिक प्रताड़ना से परेशान होकर आत्महत्या कर ली. मरने से पहले लिखे गए सुसाइड नोट में उन्होंने अपनी दो वरिष्ठ महिला सहकर्मियों और एक करीबी दोस्त पर गंभीर आरोप लगाए हैं. इस मामले में भोसरी पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया और जांच शुरू कर दी है. पुणे में आईटी सेक्टर को झकझोर देने वाली यह घटना 2 जून की है. 48 वर्षीय आईटी इंजीनियर अमित अभय ब्राह्मे ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. मौत के बाद पुलिस को अमित का दो पन्नों का सुसाइड नोट मिला, जिसमें उन्होंने अपनी ऋष्टस कंपनी की दो वरिष्ठ महिला अधिकारियों पर मानसिक उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाए हैं. सुसाइड नोट के मुताबिक दोनों अधिकारी अमित को दिए गए अच्छे प्रोजेक्ट वापस ले लेती थीं और जानबूझकर कठिन प्रोजेक्ट सौंपती थीं. काम में दिक्कत आने पर उन्हें सहकर्मियों के सामने अपमानित किया जाता था और नौकरी छोड़ने का दबाव बनाया जाता था. अमित ने अपने सुसाइड नोट में यह भी लिखा है कि उन्हें खराब फीडबैक देने और करियर बर्बाद करने की धमकियां भी दी जाती थीं. मामले में एक अन्य कर्मचारी का भी नाम सामने आया है. बताया जाता है कि दोनों की पहले अच्छी दोस्ती थी. लेकिन कुछ निजी कारणों से दोनों के रिश्तों में खटास आ गई थी. आरोप है कि दोस्त ने अमित के खिलाफ कई शिकायतें कीं और उनकी छवि खराब करने की कोशिश की. अमित की पत्नी गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं. सुसाइड नोट में यह भी उल्लेख किया गया है कि अमित के पिता के निधन के समय शाश्वती और अर्चना ने छुट्टी देने में टालमटोल की थी. उस दौरान भी अमित को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया, जिससे वह काफी परेशान थे. पुलिस के मुताबिक लंबे समय से चल रही इस कथित प्रताड़ना और मानसिक तनाव से परेशान होकर अमित ने आखिरकार आत्महत्या जैसा कदम उठाया. सुसाइड नोट और अन्य सबूतों के आधार पर भोसरी पुलिस ने तीन के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर लिया है. हालांकि, अभी तक इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है.



अनिल अंबानी के करीबी सतीश सेठ को ED ने किया गिरफ्तार

ईडी ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से जुड़े 114.98 करोड़ रुपये के लोन फ्रॉड मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए अनिल अंबानी के करीबी सतीश सेठ और गौतम दोशी को मुंबई से गिरफ्तार कर लिया है.

महानगर मेट्रो ब्यूरो

महाराष्ट्र। प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार अनिल अंबानी के करीबी और रिलायंस ग्रुप के पूर्व ग्रुप मैनेजिंग डायरेक्टर और रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के वाइस-चेयरमैन सतीश सेठ को मुंबई में गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तारी के बाद उन्हें एक स्थानीय अदालत में पेश किया गया है, जहां से ईडी को ट्रांजिट रिमांड मिल गई है. अब उन्हें दिल्ली लाया जा रहा है. समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारियों ने बताया कि प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को मुंबई में रिलायंस अनिल अंबानी ग्रुप के दो पूर्व अधिकारियों को प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत गिरफ्तार किया. उन्होंने बताया कि गिरफ्तार के बाद सतीश को स्थानीय अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें 48 घंटे की ट्रांजिट रिमांड पर भेज दिया गया है. चूंकि ये मामले दिल्ली में दर्ज है तो जांच एजेंसी की टीम रिमांड अवधि में सतीश को दिल्ली लाकर अदालत में पेश करेगी और आगे की पूछताछ-जांच के लिए हिरासत की मांग करेगी. केंद्रीय जांच ब्यूरो ने इस साल मार्च महीने में ही सतीश सेठ और गौतम दोशी के खिलाफ मामला दर्ज किया था. सीबीआई की टीम ने इस जांच के हिस्से के रूप में दोनों अधिकारियों के परिसरों और ठिकानों पर छापेमारी भी की थी. सीबीआई की इसी शिकायत को आधार बनाकर ईडी ने दोनों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के तहत अपनी जांच शुरू की है. सीबीआई के अनुसार, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया कुल 11 बैंकों के उस कंसोर्टियम (समूह) का एक प्रमुख सदस्य था, जिसने रिलायंस टेलीकॉम लिमिटेड को कुल 735 करोड़ रुपये की टर्म लोन सुविधा मंजूर की थी. इसी स्वीकृत लोन में से 114.98 करोड़ रुपये की राशि में भारी धोखाधड़ी और वित्तीय हेरफेर करने का गंभीर आरोप इन दोनों अधिकारियों पर लगा है. बता दें कि सतीश सेठ को लंबे समय तक अनिल अंबानी का बेहद करीबी और भरोसेमंद सहयोगी माना जाता रहा है जो रिलायंस ग्रुप के ग्रुप मैनेजिंग डायरेक्टर और रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के वाइस-चेयरमैन के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं. अब प्रवर्तन निदेशालय इस पूरे बैंक लोन फ्रॉड मामले में सतीश सेठ और गौतम दोशी दोनों की वास्तविक भूमिकाओं की गहराई से जांच कर रहा है.

दिल्ली में महंगी होने जा रही बिजली! 500 यूनिट से ज्यादा खर्च करने पर लगेगा तगड़ा झटका,

महानगर मेट्रो ब्यूरो



नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में बिजली के बिल बढ़ने वाले हैं, इसका सीधा असर हजारों विद्युत उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। दिल्ली इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन ने बिजली वितरण कंपनियों को 'फ्यूल एंड पावर परचेज एडजस्टमेंट सरचार्ज' वसूलने की अनुमति दे दी है। ईंधन और बिजली खरीद समायोजन अधिभार जिसे आमतौर पर PPAC भी कहा जाता है। DERC के इस फैसले का सीधा असर उन ग्राहकों पर होगा, जो 500 यूनिट से ज्यादा बिजली खर्च करते हैं।

DERC का फैसला, बढ़ जाएगा बिजली बिल

दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग (डीईआरसी) ने वैश्विक तनाव के कारण पैदा हुए ऊर्जा संकट और बिजली खरीद लागत में वृद्धि के मद्देनजर राष्ट्रीय राजधानी बिजली बिल बढ़ाने की तैयारी कर रही है। DERC ने बिजली वितरण कंपनियों को उपभोक्ताओं से अधिक ईंधन और बिजली खरीद समायोजन अधिभार वसूलने की अनुमति दे दी है। अधिकारियों ने बताया कि इस फैसले का असर उन उपभोक्ताओं पर पड़ेगा जो बिजली सब्सिडी योजना के दायरे में नहीं आते हैं। हालांकि पूर्ण या 50 फीसदी सब्सिडी प्राप्त करने वाले विद्युत उपभोक्ताओं पर इसका प्रभाव नहीं पड़ेगा। एफपीपीएएस बिजली उत्पादन में इस्तेमाल होने वाले ईंधन और बिजली खरीद लागत में बदलाव के आधार पर लगाया जाने वाला अधिभार है। यह कुल ऊर्जा और स्थायी लागत के पर्सेंट के रूप में वसूला जाता है .

निजामुद्दीन स्टेशन पर होने जा बड़ा बदलाव, नमो भारत के नए FOB से एंट्री, बढ़ाई जाएंगी ये सुविधाएं

महानगर मेट्रो ब्यूरो

नई दिल्ली। हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन को आधुनिक बनाने की दिशा में एक और कदम उठाया गया है। स्टेशन के सराय काले खां की ओर मौजूद एंट्री गेट के रीडिवेलपमेंट का काम शुरू हो गया है। इसकी वजह से सराय काले खां की ओर से स्टेशन में सड़क मार्ग द्वारा एंट्री अस्थायी रूप से बंद कर दी है। यात्रियों की एंट्री अब नमो भारत के नए फुट ओवरब्रिज से होगी। शुक्रवार को नॉर्दन रेलवे ने इसकी जानकारी दी है। सराय काले खां की तरफ रीडिवेलपमेंट का काम शुरू हो गया है। इसमें नई सीढ़ी, एस्केलेटर, लिफ्ट का निर्माण, बुकिंग कार्यालय का पुनर्निर्माण, टॉयलेट्स और एफओबी-2 के डेक स्लैब का विस्तार शामिल है। रेलवे के अनुसार, यात्रियों की सुरक्षा के हित को देखते हुए सराय काले खां की ओर स्थित रेलवे स्टेशन का मौजूदा प्रवेश/निकास द्वार तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया है।

नमो भारत से सीधी कनेक्टिविटी, 5 मिनट में स्टेशन

यात्रियों की सुविधा के लिए नमो भारत ट्रेन के फुटओवर ब्रिज को हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन के फुटओवर ब्रिज से जोड़ दिया गया है। इस नए हाई-टेक ब्रिज के शुरू होने से यात्री अब बिना किसी परेशानी के सीधे सराय काले खां स्थित नमो भारत स्टेशन के गेट नंबर 1 और 2 से मात्र 5 मिनट पैदल चलकर निजामुद्दीन स्टेशन पहुंच सकते हैं। हाल ही में खोला गया यह क्रॉस-बोर्ड (एफओबी) लगभग 300 मीटर लंबा है और रेलवे स्टेशन को सराय काले खान स्थित नमो भारत स्टेशन से सीधे जोड़ता है। इसके चलते यात्रियों को अब ट्रेन बदलने के लिए व्यस्त सड़क पर बाहर आने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

CBSE 12th स्टूडेंट्स को झटका, दिल्ली हाईकोर्ट का रिवैल्यूएशन पोर्टल दोबारा खोलने से इनकार

महानगर मेट्रो ब्यूरो

नई दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 12वीं बोर्ड परीक्षा में डिजिटल इवैल्यूएशन सिस्टम में हुई कथित गड़बड़ियों की जांच की मांग को लेकर दायर याचिका पर शुक्रवार को दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत ने एनएसयूआई की उस मांग पर तत्काल राहत देने से इनकार कर दिया, जिसमें रीवैल्यूएशन के लिए पोर्टल दोबारा खोलने की मांग की गई थी। सुनवाई के दौरान दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि यदि रीवैल्यूएशन पोर्टल फिर से खोला जाता है तो इसका असर लगभग 17 लाख छात्रों पर पड़ सकता है। अदालत ने कहा कि इस स्तर पर प्रक्रिया में बदलाव से पूरे मूल्यांकन और प्रवेश प्रक्रिया पर व्यापक प्रभाव पड़ सकता है।

सॉलिसिटर जनरल बोले-अब नए आवेदन स्वीकार करने की कोई गुंजाइश नहीं बची

केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल ने अदालत को बताया कि अब तक 1.67 लाख छात्र रीवैल्यूएशन के लिए आवेदन कर चुके हैं और नए आवेदन स्वीकार करने की कोई गुंजाइश नहीं बची है। उन्होंने कहा कि यदि पोर्टल दोबारा खोला गया तो पहले से आवेदन कर चुके छात्रों की काउंसलिंग और आगे की शैक्षणिक प्रक्रिया प्रभावित होगी। कोर्ट में केंद्र ने यह भी दलील दी कि रीवैल्यूएशन पोर्टल फिर से शुरू करने से परिणामों में देरी होगी, जिसका सीधा असर विभिन्न संस्थानों में दाखिले के लिए चल रही काउंसलिंग प्रक्रिया पर पड़ेगा। हालांकि, हाईकोर्ट ने यह स्पष्ट किया कि यदि कोई छात्र या अभिभावक इस मामले से संबंधित अपनी व्यक्तिगत शिकायत को लेकर अदालत का रुख करना चाहता है तो वह स्वतंत्र रूप से याचिका दाखिल कर सकता है।

खराब मौसम के चलते एक घंटे तक आसमान में चक्कर लगाता रहा विमान

